पत्र सूचना शाखा
(मुख्यमंत्री सूचना परिसर)
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

टेस्टिंग क्षमता को बढ़ाकर 40,000 टेस्ट प्रतिदिन किया जाए : मुख्यमंत्री

आर0टी0पी0सी0आर0 विधि से 30,000 टेस्ट प्रतिदिन तथा ट्रूनैट एवं रैपिड एन्टीजन टेस्ट के माध्यम से 10,000 टेस्ट प्रतिदिन किए जाएं

जनपद कानपुर नगर, झांसी तथा वाराणसी में विशेषज्ञ चिकित्सकों की मेडिकल टीम भेजने के निर्देश

अधिक संक्रमण वाले जनपदों के कोविड अस्पतालों में बेड की संख्या में वृद्धि की जाए

लोगों को मास्क का उपयोग करने, सोशल डिस्टेंसिंग अपनाने तथा अनावश्यक घर से बाहर न निकलने के सम्बन्ध में जागरूक किया जाए

मेडिकल टीम को कोविड–19 के संक्रमण से सुरक्षित रखने के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम पूरी सक्रियता से संचालित किए जाएं

लखनऊ : 09 जुलाई, 2020

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने टेस्टिंग क्षमता में निरन्तर वृद्धि करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि टेस्टिंग क्षमता को बढ़ाकर 40,000 टेस्ट प्रतिदिन किया जाए। आर0टी0पी0सी0आर0 विधि से 30,000 टेस्ट प्रतिदिन तथा ट्रूनैट एवं रैपिड एन्टीजन टेस्ट के माध्यम से 10,000 टेस्ट प्रतिदिन किए जाएं।

मुख्यमंत्री जी आज यहां लोक भवन में आहूत एक उच्च स्तरीय बैठक में अनलॉक व्यवस्था की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि किसी भी स्तर पर लापरवाही होने से संक्रमण का प्रसार बढ़ने की सम्भावना रहती है। सावधानी बरतकर कोरोना के संक्रमण से बचा जा सकता है। उन्होंने जनपद कानपुर नगर, झांसी तथा वाराणसी में विशेषज्ञ चिकित्सकों की मेडिकल टीम भेजने के निर्देश देते हुए कहा कि इन जनपदों में संक्रमण की स्थिति को देखते हुए विशेष सतर्कता बरतना जरूरी है। उन्होंने अधिक संक्रमण वाले जनपदों के कोविड अस्पतालों में बेड की संख्या में वृद्धि करने के निर्देश भी दिए हैं।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि कोरोना से बचाव का व्यापक प्रचार–प्रसार किया जाए। लोगों को मास्क का उपयोग करने, सोशल डिस्टेंसिंग अपनाने तथा अनावश्यक घर से बाहर न निकलने के सम्बन्ध में जागरूक किया जाए। इसके लिए विभिन्न माध्यमों का उपयोग करते हुए लोगों को प्रिंट तथा इलेक्ट्रॉनिक मीडिया सहित पोस्टर, बैनर तथा पब्लिक एड्रेस सिस्टम के द्वारा जागरूक करने की कार्यवाही की जाए। मेडिकल टीम को कोविड–19 के संक्रमण से सुरक्षित रखने के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम पूरी सक्रियता से संचालित किए जाएं। पुलिस तथा पी0ए0सी0 के कार्मिकों को संक्रमण से बचाने के लिए सभी सावधानियां लगातार बरती जाएं।

इस अवसर पर चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्री सुरेश खन्ना, स्वास्थ्य मंत्री श्री जय प्रताप सिंह, मुख्य सचिव श्री आर0के0 तिवारी, अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त श्री आलोक टण्डन, कृषि उत्पादन आयुक्त श्री आलोक सिन्हा, अपर मुख्य सचिव सूचना एवं गृह श्री अवनीश कुमार अवस्थी, अपर मुख्य सचिव वित्त श्री संजीव मित्तल, अपर मुख्य सचिव राजस्व श्रीमती रेणुका कुमार, अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री श्री एस0पी0 गोयल, पुलिस महानिदेशक श्री हितेश सी0 अवस्थी, अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य श्री अमित मोहन प्रसाद, अपर मुख्य सचिव चिकित्सा शिक्षा श्री रजनीश दुबे, अपर मुख्य सचिव ग्राम्य विकास तथा पंचायतीराज श्री मनोज कुमार सिंह, अपर मुख्य सचिव एम0एस0एम0ई0 श्री नवनीत सहगल, अपर मुख्य सचिव कृषि श्री देवेश चतुर्वेदी, प्रमुख सचिव मुख्यमंत्री श्री संजय प्रसाद, सचिव मुख्यमंत्री श्री आलोक कुमार तथा सूचना निदेशक श्री शिशिर सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

———————

PN-CM-Unlock Review Meeting-09 July, 2020.doc